Dainik Bhaskar (Indore), 07th August 2025, Page- 07

## आईआईटी इंदौर

# स्कूल ऑफ इनोवेशन के तहत चार वर्षीय बैचलर ऑफ डिजाइन कोर्स शुरू

इंदौर | आईआईटी इंदौर (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) में स्कूल ऑफ इनोवेशन के बैचलर ऑफ डिजाइन कोर्स की औपचारिक शुरुआत हो गई। पहली बार शुरू हुए इस कोर्स की पहली बैच के एकेडमिक सेशन की विधिवत शुरुआत हो गई। इस कोर्स में नवाचार, उद्यमिता और डिजाइन थिंकिंग के साथ रिसर्च पर भी फोकस किया गया है। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में ग्रासरूट इनोवेशन के प्रतिष्ठित विद्वान व आईआईएम अहमदाबाद के पूर्व प्रोफेसर प्रो. अनिल कुमार गुप्ता तथा आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्यों, उद्योग जगत के प्रमुखों व छात्रों ने हिस्सा लिया।

प्रो. गुप्ता ने कहा कि अब समय है जब हम अपशिष्ट न्यूनीकरण, फ्रूगल इंजीनियरिंग, डीप टेक्नोलॉजी और सतत विकास जैसी चुनौतियों पर काम करें। यह कोर्स आज के दौर की जरूरत के मुताबिक बहुत ही उम्दा है। प्रो. जोशी ने कहा स्कूल ऑफ इनोवेशन सिर्फ एक नई शैक्षणिक इकाई नहीं है, यह मानसिकता में भी परिवर्तन का हिस्सा है। प्रो. कीर्ति त्रिवेदी के मार्गदर्शन में डिजाइन किए गए चार वर्षीय पूर्णकालिक बी. डिजाइन कार्यक्रम में शहरी प्रणाली नवाचार, शैक्षिक प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां व सतत ऊर्जा प्रणालियों पर फोकस किया है। स्कूल ऑफ इनोवेशन न केवल शैक्षणिक कार्यक्रम चलाएगा बल्कि व्यावहारिक कार्यशाला, स्टार्टअप इनक्यूबेशन सहायता और डिजाइन-केंद्रित परियोजना पर भी काम करेगा।